# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2024-25

**विषय: सामाजिक विज्ञान (विषय कोड-087)** **कक्षा : IX**

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1 से 20 तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 21 से 24 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 25 से 29 तक, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 30 से 33 तक, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 से 36 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 37 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिसमें दो भाग हैं- इतिहास से 37(a) 2 अंकों के एवं भूगोल से 37(b) 3 अंकों के प्रश्न हैं ।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।

(ix) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| प्रश्न सं. | खण्ड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | अंक (20X1=20) |
|---|---|---|
| 1 | हिटलर के प्रचार मंत्री का क्या नाम था?<br>A. हेलमूट<br>B. ग्योबल्स<br>C. हिंडनबर्ग<br>D. जोसफ | 1 |
| 2 | नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): समाजवादी निज़ी संपत्ति का विरोध करते हैं।<br>**कारण** (क): संपत्तिधारी व्यक्ति सिर्फ निजी फायदे के विषय में सोचते हैं।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | 1 |
| 3 | किसने इंडियाना (अमेरिका) में नया समन्वय (New Harmony) के नाम से एक नए तरह के समुदाय की रचना का प्रयास किया?<br>A. कार्ल मार्क्स<br>B. ज़ार निकोलस<br>C. स्टालिन<br>D. रॉबर्ट ओवेन | 1 |
| 4 | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>1914 में रूस और उसके पूरे साम्राज्य पर ........................ शासन था।<br>विकल्प<br>A. ज़ार निकोलस I<br>B. ज़ार निकोलस II<br>C. ज़ार निकोलस III<br>D. ज़ार निकोलस V | 1 |
| 5 | दी गई जानकारी के आधार पर नदी की पहचान कीजिए एवं सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. लंबाई – 2900 किलोमीटर।<br>2. उद्गम स्थल – मानसरोवर झील।<br>3. सहायक नदियाँ – जास्कर, नूबरा,श्योक।<br>विकल्प<br>A. सतलुज<br>B. सिंधु<br>C. गंगा<br>D. ब्रह्मपुत्र | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | लूनी नदी बहती हैं–<br>A. उत्तरी मैदानों में<br>B. प्रायद्वीपीय पठार में<br>C. पश्चिमी घाट में<br>D. भारतीय मरूस्थल में | 1 |
| 7 | स्तंभ क का मिलान स्तंभ ख से करके उचित विकल्प का चयन कीजिए।<br><br><table><tr><td></td><td>स्तंभ क</td><td></td><td>स्तंभ ख</td></tr><tr><td>A</td><td>अरुणाचल प्रदेश</td><td>I</td><td>सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य</td></tr><tr><td>B</td><td>केरल</td><td>II</td><td>सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य</td></tr><tr><td>C</td><td>बिहार</td><td>III</td><td>सबसे अधिक साक्षरता दर वाला राज्य</td></tr></table><br>विकल्प<br>A. a-I, b-II, c-III<br>B. a-II, b-I, c-III<br>C. a-III, b-I, c-II<br>D. a-II, b-III, c-I | 1 |
| 8 | निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके लिए सही पारिभाषिक शब्द का चयन कीजिए।<br>**नागरिकों को किसी भी धर्म को मानने की पूरी स्वतंत्रता है। लेकिन कोई धर्म आधिकारिक नहीं है। सरकार सभी धार्मिक मान्यताओं और आचरणों को समान सम्मान देती है।**<br>A. गणराज्य<br>B. पंथ निरपेक्ष<br>C. प्रभुत्व–संपन्न<br>D. न्याय | 1 |
| 9 | लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए कितनी सीटों को आरक्षित किया गया हैं?<br>A. 69<br>B. 79<br>C. 89<br>D. 99 | 1 |
| 10 | नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)**: एमनेस्टी इंटरनेशनल एक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन है।<br>**कारण (R)**: ग्वांतानामो बे पर अमेरिकी नौसेना का नियंत्रण था।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | |
| **11** | निम्नलिखित से कौन – सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में है?<br>i. लोकतंत्र में लोग खुद को स्वतंत्र और समान मानते हैं।<br>ii. लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ दूसरों की तुलना में टकरावों को ज्यादा अच्छे से सुलझाती हैं।<br>iii. लोकतांत्रिक सरकारें लोगों के प्रति ज़्यादा उत्तरदायी होती हैं।<br>विकल्प<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 1 व 3<br>D. 1,2 व 3 सभी कथन सत्य है। | **1** |
| **12** | निम्नलिखित में से कौन राजनैतिक कार्यपालिका का हिस्सा होता हैं?<br>A. जिलाधीश<br>B. गृह मंत्रालय का सचिव<br>C. गृह मंत्री<br>D. पुलिस महानिदेशक | **1** |
| **13** | दक्षिण अफ्रीका का लोकतांत्रिक संविधान बनाने में इनमें से कौन –सा टकराव सबसे महत्वपूर्ण था:<br>A. दक्षिण अफ्रीका और उसके पड़ोसी देश<br>B. स्त्रियों और पुरूषों का<br>C. गोरे अल्पसंख्यक और अश्वेत बहुसंख्यक<br>D. रंगीन चमड़ी वाले बहुसंख्यकों और अश्वेत अल्पसंख्यकों का | **1** |
| **14** | निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान सभा का सदस्य **नहीं** थे?<br>A. डा. भीमराव अम्बेडकर<br>B. डा. राजेन्द्र प्रसाद<br>C. जयपाल सिंह<br>D. लार्ड कैनिंग | **1** |
| **15** | निम्नलिखित में से कौन सा प्राथमिक क्षेत्रक की गतिविधि का उदाहरण है?<br>A. बीमा<br>B. व्यापार<br>C. खनन<br>D. बैंकिंग | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **16** | श्रम बल जनसंख्या में वे लोग शामिल किए जाते हैं जिनकी उम्र होती है–<br>A. 15 से 59 वर्ष के बीच<br>B. 18 से 60 वर्ष के बीच<br>C. 21 से 59 वर्ष के बीच<br>D. 24 से 60 वर्ष के बीच | **1** |
| **17** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>**अभिकथन (A)**: भारत में निर्धनता रेखा से ऊपर के लिए स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है जबकि नगरीय क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है ।<br>**कारण (R)**: ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अधिक शारीरिक कार्य करते हैं।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| **18** | भारत में निर्धनता रेखा का आकलन किस संस्था द्वारा किया जाता है?<br>A. विश्व बैंक<br>B. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन<br>C. भारतीय रिज़र्व बैंक<br>D. भारत निर्वाचन आयोग | **1** |
| **19** | निम्नलिखित में से कौन – सा खाद्य असुरक्षा से प्रभावित वर्ग है?<br>1. भूमिहीन<br>2. पारंपरिक दस्तकार<br>3. निराश्रित<br>विकल्प<br>A. केवल 1 व 2<br>B. केवल 1 व 3<br>C. केवल 2 व 3<br>D. सभी 1, 2 व 3 | **1** |
| **20** | अन्नपूर्णा योजना का लक्षित समूह कौन सा है?<br>A. निर्धन<br>B. निर्धनों में सबसे निर्धन<br>C. दीन वरिष्ठ नागरिक<br>D. सार्वजनीन | **1** |
| | **खण्ड ख** | **(4X2= 8)** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अति लघु–उत्तरीय प्रश्न** | |
| **21** | प्रेस से सेंसरशिप हटने के उपरांत फ्रांसीसी समाज में क्या परिवर्तन हुए। | **2** |
| **22** | (a) भारत में ग्रीष्म ऋतु की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b) भारत में मानसून के आगमन पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। | **2**<br><br>**2** |
| **23** | किसी भी देश को संविधान की आवश्यकता क्यों होती हैं? वर्णन कीजिए। | **2** |
| **24** | भारत में गरीबी के प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए। | **2** |
| | **खण्ड ग**<br>**लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(5X3= 15)** |
| **25** | निर्धनता असुरक्षित समूहों को कैसे प्रभावित करना है? वर्णन कीजिए। | **3** |
| **26** | हिमालय पर्वत को भारत के लिए वरदान क्यों माना जाता है? | **3** |
| **27** | लोकतांत्रिक सरकारों के कुछ सामान्य लक्षण लिखिए। | **3** |
| **28** | यदि आप विद्यालय के नियम निर्माण समिति के सदस्य होते तो विद्यालय के लिए कौन – कौन से नियम सुनिश्चित करते? किन्हीं तीन को लिखिए। | **3** |
| **29** | (a) फरवरी क्रांति के कारण, घटनाओं और प्रभावों का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b) अक्टूबर क्रांति के कारण, घटनाओं और प्रभावों का वर्णन कीजिए। | **3**<br><br>**3** |
| | **खण्ड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **(4X5= 20)** |
| **30** | (a) भारतीय न्यायपालिका स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संस्थान है? पुष्टि कीजिए।<br>अथवा<br>(b) राजनीतिक और स्थायी कार्यपालिका से आप क्या समझते हैं? स्थायी कार्यपालिका की अपेक्षा राजनीतिक कार्यपालिका के पास अधिक शक्तियाँ क्यों हैं? | **5**<br><br>5 |
| **31** | (a) यदि आाप नात्सी जर्मनी में महिला होते तो आपको कौन–कौन सी भूमिका निभानी पड़ती?<br>अथवा<br>(b) यदि आप नात्सी शासनकाल के दौरान एक यहूदी विद्यार्थी होते तो आप अपने विद्यालय में किस प्रकार के भेदभाव को देखते? | **5**<br><br>**5** |
| **32** | (a) भारत के संदर्भ में बेरोजगारी को परिभाषित कीजिए एवं भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की बेरोजगारी का एक – एक उदाहरण दीजिए। | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br><br>(b) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रकों का वर्णन करते हुए प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए। | 5 |
| 33 | (a) 'भारत में मानसून एकता का परिचायक है।' कथन का मूल्यांकन कीजिए।<br><br>अथवा<br>(b) भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए। | 5<br><br><br>5 |
| | **खण्ड ड.**<br>**केस – आधारित प्रश्न** | (3X4= 12) |
| 34 | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>1929 से पार्टी ने सभी किसानों को सामूहिक खेतों (कोलखोज) में काम करने का आदेश जारी कर दिया। ज्यादातर जमीन और साजो-सामान सामूहिक खेतों के स्वामित्व में सौंप दिए गए। सभी किसान सामूहिक खेतों पर काम करते थे और कोलखोज के मुनाफे को सभी किसानों के बीच बाँट दिया जाता था। इस फैसले से गुस्साए किसानों ने सरकार का विरोध किया और वे अपने जानवरों को खत्म करने लगे। 1929 से 1931 के बीच मवेशियों की संख्या में एक-तिहाई कमी आ गई। सामूहिकीकरण का विरोध करने वालों को सख्त सज़ा दी जाती थी। बहुत सारे लोगों को निर्वासन या देश-निकाला दे दिया गया। सामूहिकीकरण का विरोध करने वाले किसानों का कहना था कि वे न तो अमीर हैं और न ही समाजवाद के विरोधी हैं। वे बस विभिन्न कारणों से सामूहिक खेतों पर काम नहीं करना चाहते थे। स्तालिन सरकार ने सीमित स्तर पर स्वतंत्र किसानी की व्यवस्था भी जारी रहने दी लेकिन ऐसे किसानों को कोई खास मदद नहीं दी जाती थी।<br><br>प्रश्न:<br>(34.1) रूस में सामूहिकीकरण कार्यक्रम किसने शुरू किया?<br>(34.2) कोलखोज़ क्या था?<br>(34.3) रूस में सामूहिकीकरण कार्यक्रम किस प्रकार लागू किया गया? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| 35 | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए।<br><br>2011 की जनगणना के अनुसार देश की सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है जहाँ की कुल आबादी 1,990 लाख है। उत्तर प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है। दूसरी ओर हिमालय क्षेत्र के राज्य, सिक्किम की आबादी केवल 6 लाख ही है तथा लक्षद्वीप में केवल 64,429 हजार लोग निवास करते हैं। भारत की लगभग आधी आबादी केवल पाँच राज्यों में निवास करती है। ये राज्य हैं - उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं आंध्र प्रदेश। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा राज्य है, जिसकी आबादी भारत की कुल जनसंख्या का केवल 5.5 प्रतिशत है।<br>प्रश्न:<br>(35.1) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य का नाम बताइए।<br>(35.2) जनगणना क्या है?<br>(35.3) भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के कोई दो कारण बताइये। | <br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| 36 | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | भारत में विशेषकर देश के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में सहकारी समितियाँ भी खाद्य सुरक्षा में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सहकारी समितियाँ निर्धन लोगों को खाद्यान्न की बिक्री के लिए कम कीमत वाली दुकानें खोलती हैं। उदाहरणार्थ, तमिलनाडु में जितनी राशन की दुकानें है, उनमें से करीब 94 प्रतिशत सहकारी समितियों के माध्यम से चलाई जा रही हैं। दिल्ली में मदर डेयरी उपभोक्ताओं को दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित नियंत्रित दरों पर दूध और सब्जियाँ उपलब्ध कराने में तेजी से प्रगति कर रही है। गुजरात में दूध तथा दुग्ध उत्पादों में अमूल एक और सफल सहकारी समिति का उदाहरण है। इसने देश में श्वेत क्रांति ला दी हैं। देश के विभिन्न भागों में कार्यरत सहकारी समितियों के और अनेक उदाहरण हैं, जिन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कराई है।<br><br>प्रश्न:<br>(35.1) उस सहकारी समिति का नाम बताइए जो 'श्वेत क्रांति' से जुड़ी थी?<br>(35.2) दिल्ली में कार्यरत किसी एक सहकारी समिति का नाम लिखिए।<br>(35.3) भारत में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहकारी समितियाँ किस प्रकार सहायक हैं? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र आधारित प्रश्न** | **(2+3=5)** |
| **37** | (a) फ्रांस के राजनीतिक मानचित्र में A और B दो लक्षण अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उसके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए।<br>i. एक मित्र शक्ति<br>ii. एक धुरी शक्ति<br>(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए:<br>i. उड़ीसा<br>ii. मालवा का पठार<br>iii. सांभर झील<br>iv. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य<br><br>नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं। (कोई पाँच)<br>**i.** फ्रांस की राजधानी का नाम लिखिए।<br>**ii.** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र शक्तियों से संबंधित एक देश का नाम लिखिए।<br>**iii.** ओडिशा की राजधानी का नाम लिखिए।<br>**iv.** असम की राजधानी का नाम लिखिए।<br>**v.** उस भारतीय राज्य का नाम बताइए जहाँ सांभर झील स्थित है।<br>**vi.** भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए। | <br><br><br>1<br>1<br><br><br><br>1<br>1<br>1<br>1<br><br><br><br>1<br><br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |

# WORLD POLITICAL

Class :　　Sec :　　Roll No. :

School :

